Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No. PBBIL/26/A0779




Mon - 18 May - 2026 | Year - 01 | Issue - 42 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# अमृतसर पुलिस की बड़ी कामयाबी: 2.1 किलो हेरोइन और सात विदेशी पिस्तौल बरामद, ड्रोन नेटवर्क का खुलासा




पंजाब को सुरक्षित और नशामुक्त बनाने के अभियान के बीच अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो पाकिस्तान सीमा पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन और अवैध हथियार मंगाकर पंजाब में अपराधियों तक पहुंचा रहा था। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.1 किलो हेरोइन और सात अत्याधुनिक विदेशी पिस्तौल बरामद की हैं।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 26 वर्षीय खुश कुमार उर्फ भोला निवासी गुरवाली गेट, अमृतसर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और स्नैचिंग से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से नशा और हथियार तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा हुआ था।

बरामद हथियारों में एक 9 एमएम ग्लैडिएटर पिस्तौल (तुर्की निर्मित), एक 9 एमएम जिगाना एक्स-शॉट, एक .30 बोर ब्रेटा (इटली निर्मित), एक .30 बोर ऑस्ट्रियन पिस्तौल तथा दो (चीन निर्मित), एक .30 बोर ऑस्ट्रियन पिस्तौल तथा दो अन्य .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ये हथियार बेहद खतरनाक और आधुनिक तकनीक वाले हैं, जिनका इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों में किया जा सकता था।

पंजाब के डीजीपी Gaurav Yadav ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेशी तस्करों के संपर्क में था और वर्चुअल नंबरों के जरिए उनसे बातचीत करता था। सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन और हथियारों की खेप भेजी जाती थी, जिन्हें आरोपी पंजाब के विभिन्न आपराधिक गिरोहों तक पहुंचाता था।

अमृतसर के पुलिस कमिश्नर Gurpreet Singh Bhullar ने बताया कि पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर योजनाबद्ध ऑपरेशन चलाया। पहले आरोपी को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया और बाद में पूछताछ के दौरान सातों हथियार बरामद किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि इन हथियारों को अपराधियों तक पहुंचाने की तैयारी थी, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर पूरे नेटवर्क को बड़ा झटका दिया।

पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों, विदेशी संपर्कों और सप्लाई चेन की जांच में जुटी हुई है।इस संबंध में थाना सी-डिवीजन, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पंजाब में नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़, 5.50 लाख की फेक करेंसी बरामद



पंजाब में नकली भारतीय मुद्रा के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस पटियाला की मालेरकोटला यूनिट ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 5.50 लाख रुपये की नकली भारतीय करेंसी बरामद की है। यह जानकारी Gaurav Yadav ने सोमवार को दी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नजर खान, राज मोहम्मद, मुख्तियार सिंह उर्फ गुरजीत सिंह और आसिफ अली के रूप में हुई है। बरामद सभी नकली नोट 500 रुपये के मूल्य वर्ग के हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी राज मोहम्मद के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

Simrat Kaur ने बताया कि पहले दो आरोपियों से 4 लाख रुपये की फर्जी करेंसी बरामद हुई, जबकि बाद में गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपियों से 1.5 लाख रुपये की अतिरिक्त नकली मुद्रा बरामद की गई। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लाई चेन की जांच में जुटी है।इस मामले में थाना अमरगढ़, मालेरकोटला में भारतीय न्याय संहिता (B N S) की धाराओं 179 और 180 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान में पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई



पंजाब को गैंगस्टर और नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत पंजाब पुलिस ने 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान के 118वें दिन राज्यभर में बड़े पैमाने पर छापेमारी की। पुलिस टीमों ने गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के चिन्हित 519 ठिकानों पर रेड कर 271 लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान तीन हथियार भी बरामद किए गए।

यह अभियान 20 जनवरी 2026 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य राज्य में सक्रिय गैंगस्टर नेटवर्क को खत्म करना और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक इस अभियान के तहत कुल गिरफ्तारियों की संख्या 30,250 तक पहुंच चुकी है।

## वोटों की गिनती प्रणाली पर पंजाब में कार्यशाला, 48 देशों के अध्ययन में भारत की व्यवस्था सबसे मजबूत




पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय द्वारा रविवार को चंडीगढ़ में वोटों की गिनती प्रक्रिया की मजबूती और पारदर्शिता को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट के सहयोग से आयोजित हुई, जिसमें पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा के चुनाव अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए Anindita Mitra ने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग ने पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय को वोटों की गिनती प्रणाली की मजबूती पर विस्तृत अध्ययन करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्होंने कहा कि अध्ययन के दौरान दुनिया के 48 लोकतांत्रिक देशों की चुनाव और मतगणना प्रणालियों का विश्लेषण किया गया, जिसमें भारत की वोट गिनती व्यवस्था अधिक प्रभावी और भरोसेमंद साबित हुई।

उन्होंने कहा कि भारत में चुनाव प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली पारदर्शी व्यवस्था, तकनीकी उपयोग और सुरक्षा उपाय अन्य देशों की तुलना में अधिक मजबूत हैं। अध्ययन में यह भी सामने आया कि ईवीएम आधारित प्रणाली तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने में मदद करती है।

कार्यशाला के दौरान अध्ययन टीम के सदस्य Abhinandan Bassi ने बताया कि अध्ययन में वोटों की गिनती से पहले और बाद में सामने आने वाले मुद्दों को विशेष रूप से शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सीलिंग, सुरक्षित परिवहन, स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोरेज और परिणाम घोषित करने तक की प्रत्येक प्रक्रिया को मजबूत बनाना चुनावों की विश्वसनीयता के लिए बेहद जरूरी है।

उन्होंने विभिन्न देशों में अपनाई जा रही ईवीएम, बैलेट पेपर और हाइब्रिड चुनाव प्रणालियों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। प्रस्तुति में यह समझाया गया कि किस प्रकार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिए चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाया जा सकता है।इस अवसर पर Abhijeet Kaplish ने दक्षिण अफ्रीका और भारत की वोट गिनती प्रक्रिया का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया।

## पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई: लुधियाना में अंतरराष्ट्रीय आतंक-गैंगस्टर नेटवर्क का भंडाफोड़

पंजाब को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने के अभियान के तहत लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस पंजाब के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय आतंक-गैंगस्टर नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन अवैध हथियार और 11 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह जानकारी Gaurav Yadav ने सोमवार को दी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुराज उर्फ गौरव मसीह और अंकुश के रूप में हुई है, जो जालंधर के फिल्लौर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अंकुश पहले भी हत्या के प्रयास के मामले में नामजद रह चुका है और उसके खिलाफ थाना गोराया में केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो .30 बोर पिस्तौल, एक .315 बोर पिस्तौल तथा 11 जिंदा कारतूस बरामद किए



हैं। इसके अलावा अपराध में इस्तेमाल की जा रही बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली बजाज CT 100 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जर्मनी और दुबई स्थित विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर काम कर रहे थे। उन्हें पंजाब में हाई-प्रोफाइल टारगेट किलिंग को अंजाम देने का जिम्मा सौंपा गया था। पुलिस की समय रहते कार्रवाई से संभावित बड़ी आपराधिक घटनाओं को टाल दिया गया।

वहीं Swapan Sharma ने बताया कि CIA स्टाफ और काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना की संयुक्त टीम ने थाना लाडोवाल क्षेत्र में नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि दो हथियारबंद व्यक्ति हार्डीज वर्ल्ड के पास किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को दबोच लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे विदेश में बैठे अपराध सरगनाओं द्वारा संचालित संगठित आपराधिक नेटवर्क के सक्रिय सदस्य हैं। विदेशी हैंडलर



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

### Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**